प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 21.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के नेतृत्व में राज्य की विशेषज्ञ टीम प्रस्तुत करेगी व्याख्यान।

2. झारखंड प्रतिनिधिमंडल ने यूनाइटेड किंगडम में विशेषज्ञ समूहों के साथ की बैठक, राज्य की ऐतिहासिक संरचनाओं को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने का दिया प्रस्ताव।

3. झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य से लापता हो रहे बच्चों के मामले में गृह सचिव को किया तलब, दूसरे राज्यों से आने वाले घुमंतू लोगों के लिए गाइडलाइन बनाने का दिया निर्देश।

4. नगर निकाय चुनाव से पहले रांची प्रशासन अलर्ट, जिले की सीमाए होंगी सील; अपराधियों पर निगरानी का निर्देश।

5. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा के राज्य स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं।

****

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज से तीन दिवसीय 'अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन' 2026 का आयोजन हो रहा है। इसमें झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के नेतृत्व में राज्य का प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहा है। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड के झारखंड सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी, भारतीय प्रबंधन संस्थान, रांची और संत जेवियर्स कॉलेज के विशेषज्ञ शामिल हैं। इस दौरान झारखंड के व्याख्याता "मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता सूची" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

****

मंत्री सुदिव्य कुमार के नेतृत्व में झारखंड प्रतिनिधिमंडल ने यूनाइटेड किंगडम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रमुख संस्थानों और विशेषज्ञ समूहों के साथ बैठक की। बैठक में विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि आदिवासी समुदायों से जीवंत रूप से जुड़ी इन ऐतिहासिक संरचनाओं को संरक्षित करते हुए यूनेस्को विश्व धरोहर सूची के लिए एक ठोस और विश्वसनीय प्रस्तुति कैसे तैयार की जाए। इन संवादों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पुरातत्व, विरासत संरक्षण, इंजीनियरिंग और परामर्श के अनुभवों का लाभ उठाने तथा संस्थागत क्षमता निर्माण की दिशा में संभावित सहयोग के क्षेत्रों की पहचान की गई।

****

प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धिं हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया। प्रगति से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय करने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम झारखंड राज्य में पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी जानकारी पर नजर डालते हैं –

****

झारखंड हाईकोर्ट ने गुमला से वर्ष 2018 में लापता बच्ची से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान राज्य में राजस्थान सहित अन्य राज्यों से आने वाले घुमंतू लोगों के लिए स्पष्ट गाइडलाइन बनाने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान हाल ही में रांची के धुर्वा से गायब हुए दो बच्चों अंश और अंशिका का भी जिक्र किया। कोर्ट ने कहा कि झारखंड में बच्चों की तस्करी के नेटवर्क सक्रिय हैं, जिन पर कड़ी नजर रखनी होगी और संबंधित लोगों को तत्काल पकड़ना होगा।

****

आंध्र प्रदेश की रहने वाली पर्वतारोही समीरा खान ग्रामीण बच्चियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पूरे देश में साइकिल यात्रा पर निकली है। बोकारो पहुंची समीरा ने बताया कि साइकिल यात्रा मई 2025 से शुरू की है, वे पूरे देश में घूम–घूम कर स्कूलों में जाकर लड़कियों को सशक्त बनाने को लेकर अपनी बाते रख रही हैं।

****

धनबाद के हर छात्र को डिजिटल साक्षर बनाने के लिए प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से उपायुक्त आदित्य रंजन ने कल बैठक की। उन्होंने बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राम कुमार सिंह सहित जिले के 25 कॉलेजों के प्रधानाध्यापक के साथ चर्चा की।

****

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने नगर निकाय चुनाव में विधि–व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में उन्होंने चुनाव से पहले जिले का बॉर्डर सील करने का निर्देश दिया। साथ ही अपराधिक छवि वालों पर निगरानी रखने को कहा।

****

चतरा के कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत मदगड़ा पंचायत की मुखिया सुप्रिया कुमारी को नई दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह 2026 में भाग लेने के लिए राजकीय अतिथि के रूप में नामित किया गया है। आज दिल्ली रवाना होने से पहले उन्होंने पंचायतों के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की सराहना की।

****

धनबाद मेयर सीट को अनारक्षित किए जाने के विरोध में अनुसूचित जाति के लोगों में नाराज़गी है। समाज के प्रतिनिधि ने बताया कि इस संबंध में दलित संगठनों ने एकजुट होकर कल रणधीर वर्मा चौक पर महाधरना और दलित अधिकार रैली का आयोजन करने की घोषणा की है।

****

घरेलू शेयर बाजार सेंसेक्स और निफ्टी में आज दोपहर शून्य दशमलव सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। ताजा जानकारी मिलने तक सेंसेंक्स छह सौ बाईस अंक गिरकर 81 हजार पांच सौ अंठावन और निफ्टी एक सौ बिरासी अंक की गिरावट के साथ 25 हजार 51 पर थे।

****

राजधानी रांची में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख सैंतीस हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत तीन लाख सत्रह हजार रूपये प्रति किलो है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर के राज्य स्थापना दिवस पर राज्यवासियों को हार्दिक बधाई दी है। राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इन राज्यों के उद्यमी और प्रतिभाशाली लोगों ने राष्ट्र की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि त्रिपुरा की विकास यात्रा परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम है। राज्य के लोग देश की विकास यात्रा को गति दे रहे हैं।

*******समाप्त************